>

Title : Need to take steps to bring back the valuable items belonging to Chhatrapati Shivaji Maharaj from abroad.

श्री सोनवणे प्रताप नारायणराव (धुले): महोदया, शिवाजी महाराज न सिर्फ एक अच्छे सेनानी थे अपितु अपने जमाने के दूरदर्शी नेता भी थे। सर्वधर्म समभाव की नीति में उनका दृढ़ विश्वास था और सभी धर्म तथा जातियों को साथ में लाने के लिए उन्होंने जो योगदान दिया है वह आज भी बेमिसाल है तथा किसी भी सरकार के लिए मार्गदर्शक हो सकते है।

महोदया, भारत के करोड़ों नागरिकों को और युवकों को आज भी शिवाजी महाराज के कार्य से प्रेरणा मिलती है और उनकी भवानी तलवार तो उनके शौर्य का प्रतीक है। यह तलवार व अन्य चीजें निश्चित ही युवा पीढ़ी को अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा प्रदान करेगी। हम यह निश्चित मानते हैं कि वर्तमान का ध्यान आने के लिए तथा भविष्य का संज्ञान लेने के लिए इतिहास ज्ञात होना जरूरी है।

महोदया, मैं यह भी मानता हूं कि भारत की एकता उसकी विभिन्नताओं में है। हर प्रांत का अपना इतिहास तथा परंपरा है। केन्द्र सरकार द्वारा इन सभी विभिन्नताओं का तथा इतिहास का सम्मान होना चाहिए।

मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि छत्रपति शिवाजी महाराज की भवानी तलवार तथा अन्य चीजें जो कि लंदन म्यूजियम में रखी गई हैं, उन्हें भारत वापिस लाने के लिए निश्चित समय सीमा के भीतर कदम उठाये जायें1